संख्या- 34/875/बयालिस-2015-131(विविध)/2013

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक : 30 मार्च, 2015**

विषय- जनपद बरेली में स्टेडियम के विस्तारीकरण व सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में पुनरीक्षित आगणन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- जी- 1059/नि0 बरेली स्टे0 पत्रा0/2013-14, दिनांक 14.01.2015 एवं शासनादेश संख्या- 372/बयालिस-2014-131(विविध)/2013, दिनांक 26 फरवरी, 2014 द्वारा प्रश्नगत प्रायोजना हेतु रू0 485.10 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा रू0 200.00 लाख अवमुक्त की गयी थी तत्पश्चात शासनादेश संख्या- 2105/बयालिस-2014-131(विविध)/2013, दिनांक 02 सितम्बर, 2014 द्वारा अवशेष धनराशि रू0 285.10 लाख अवमुक्त की गयी उक्त धनराशि में कार्य पूर्ण न होने के कारण राज्यपाल महोदय शासनादेश संख्या- 33/177/बयालिस-2015-131(विविध)/2013, दिनांक 30 मार्च, 2015 के द्वारा प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग से आंकलित लागत रू0 695.50 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति के सापेक्ष वत्तीय वर्ष- 2014-15 में अवशेष धनराशि रू0 210.40 लाख (रू0 दो करोड़ दस लाख चालिस हजार मात्र) अवमुक्त करने की निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष सहमति प्रदान करते है:-

(1)- उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 210.40 लाख (रू0 दो करोड़ दस लाख चालिस हजार मात्र) निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित करके कार्यदायी संस्था पैकफेड को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त स्वीकृत धनराशि वित्तीय वर्ष- 2014-15 में उपलब्ध परिव्यय एवं बजट सीमा के अन्तर्गत निर्गत की जा रही है।

(2)- प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

(3)- कार्य की विशिष्टियां मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी निदेशक, खेल एवं कार्यदायी संस्था की होगी।

(4)- स्वीकृत धनराशि को आहरित कर बैंक/डाकघर/पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(5)- लेबर सेस के भुगतान की कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित की जायेगी।

(6)- प्रायोजना के अन्तर्गत समय-समय पर कार्य की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता परक कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(10)- शेष शर्तें मूल शासनादेश संख्या- 372/बयालिस-2014-131(विविध)/2013, दिनांक दिनांक 26 फरवरी, 2014 एवं शासनादेश संख्या- 33/177/बयालिस-2015-131(विविध)/2013, दिनांक 30 मार्च, 2015 के अनुसार यथावत रहेंगी।

.....2

2- उक्त मद में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष- 2014-15 के अनुदान संख्या- 22 के लेखाशीर्षक- 202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-खेलकूद तथा युवा सेवा-800-अन्य व्यय-55-जनपद बरेली के स्पोर्टस स्टेडियम का सुदृढ़ीकरण एवं विस्तारीकरण-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- उक्त स्वीकृति वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या- बी0-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22 जुलाई, 2014 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किए जा रह हैं।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

संख्या- 875(1)/बयालिस-2015-तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1)- महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2)- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(3)- कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
(4)- जिलाधिकारी/क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, बरेली।
(5)- प्रबन्ध निदेशक, पैकफेड उत्तर लखनऊ।
(6)- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1/2
(7)- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग- 5
(8)- नियोजन अनुभाग- 4
(9)- गार्ड फाईल/कम्पयूटर प्रति।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।